बरेली, मंगलवार
28 मार्च 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

हृदय रोग की जटिलताओं से कराया अवगत

जासं, बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के जनरल मेडिसिन विभाग की ओर से नैनीताल में कार्डियोलॉजी अपडेट विषय पर दो दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ हृदय रोग चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग से संबन्धित बीमारियों के उपचार एवं निदान पर अपने अनुभव एवं इस क्षेत्र में हो रही नित नवीनतम तकनीकों एवं अनुसंधानों के बारे में बताया। सेमिनार का उद्घाटन सचिव डा अमरेश अग्रवाल एवं डा दीप पन्त ने किया। फोर्टिस एस्कार्ट हास्पिटल की डा. अपर्णा जसवाल ने आपातकालीन चिकित्सा कक्ष में ईसीजी की बारीकियों की जानकारी दी। उन्होंने हृदयघात होने एवं इसकी रोकथाम के बारे में बताया। सर गंगाराम हास्पिटल के डा. भुवनेश कांडपाल ने एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम की नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी। एसआरएमएस हास्पिटल के वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डा. आर मधोक ने हार्ट की जांच में सीटी कार्डियक एंजियोग्राफी की उपलब्धि बताई। बताया कि सीटी कार्डियक एंजियोग्राफी के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ हृदय रोग सर्जन डा. शशिकान्त ने कम से कम रक्त स्राव द्वारा होने वाली आधुनिकतम हृदय रोग सर्जरी के बारे में बताया।